

कांग्रेस के महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने दौसा विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा के समर्थन में आयोजित जनसभा में पेपर लीक और पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला।

# महाविकास अघाड़ी ने चुनाव घोषणा पत्र जारी किया

## घोषणा पत्र जारी करते हुए खड़गे ने परिवारों, किसानों व महिलाओं के लिये 5 गारंटी का वचन दिया

मुंबई, 10 नवंबर। महा विकास अघाड़ी ने रविवार को महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। महा विकास अघाड़ी ने इसे "महाराष्ट्रनामा" नाम दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास के लिए हमारे 5 स्तंभ हैं। महाराष्ट्र का विकास और प्रगति, खेती, ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और जन कल्याण पर आधारित होगा।

खड़गे ने कहा, हम 5 गारंटी दे रहे हैं और यह पूरे महाराष्ट्र के कल्याण के लिए होंगी। हम हर परिवार को सालाना 3 लाख रुपए की मदद करेंगे। महालक्ष्मी स्कीम महिलाओं को 3 हजार रुपए महीना देगी।

महिलाओं के लिए बस सर्विस फ्री रहेगी। हम उन किसानों को 50 हजार रुपए देंगे, जिन्होंने अपना कर्ज़ वक्त पर चुकाया है।

- **खड़गे ने कहा, राहुल गांधी ने संविधान की जैसी लाल किताब दिखाई थी, वैसी ही नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन राष्ट्रपति को 2017 में दी थी।**

चुनाव घोषणा पत्र जारी करने के बाद खड़गे ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेताओं ने लाल किताब का इस्तेमाल केवल संदर्भ के लिए किया है। यह संपूर्ण संविधान नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी ने 26 जुलाई, 2017 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को भी ऐसी ही एक प्रति दी थी। उन्होंने दोनों नेताओं की तस्वीर दिखाई।

खड़गे ने लाल किताब दिखाते हुए कहा कि जैसा मोदी और भाजपा बता रही है, यह कोरी नहीं है। पीएम मोदी को फिर से प्राइमरी स्कूल में दाखिला दिलाना जरूरी है। पीएम खुद ही लाल रंग का संविधान राष्ट्रपति को देते हैं और हमें अर्बन-नक्सल बोलते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने एक बार फिर महाराष्ट्र की मौजूदा महायुति सरकार पर निशाना साधा। खड़गे बोले- डबल इंजन सरकार पटरी से उतर गई है। महाराष्ट्र के लिए यह जरूरी है कि वह महायुति सरकार को हराए और सुशासन के लिए महा विकास अघाड़ी को सपोर्ट करें।

# कैनडा में खालिस्तानी आतंकी हिरासत में

ओटावा, 10 नवंबर। कैनडा में खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला को हिरासत में लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार, 27 - 28 अक्टूबर को कैनडा में एक शूटआउट को लेकर अर्शदीप डल्ला को हिरासत में लिया गया है। जनवरी 2023 में गृह मंत्रालय ने अर्शदीप डल्ला को आतंकवादी की सूची में डाला था।

- **आतंकी अर्शदीप डल्ला को 27-28 अक्टूबर के शूट आउट के मामले में गिरफ्तार किया गया।**

भारत की सुरक्षा एजेंसियों को भी यह जानकारी मिली थी की 27-28 अक्टूबर को कैनडा में एक शूटआउट हुआ था, जिसमें अर्शदीप डल्ला भी मौजूद था। अर्शदीप डल्ला को अर्श के नाम से भी जाना जाता है।

# सरकार ई.आर.सी.पी. का एम.ओ.यू. अखबार में क्यों नहीं छपवाती- पायलट

## चुनाव सभा में सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस दौसा की सीट राज्य में सर्वाधिक वोटों से जीतेगी

दौसा, 10 नवम्बर। कांग्रेस के महासचिव एवं विधायक सचिन पायलट ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि ई.आर.सी.पी. का एम.ओ.यू. होने की बात सरकार करती है, लेकिन एम.ओ.यू. को किसी अखबार में क्यों नहीं छपवा रही। सरकार को खुला चेलेंज है एम.ओ.यू. छपवा कर दिखाएं।

कांग्रेस महासचिव एवं विधायक सचिन पायलट रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी डी.डी. बैरवा के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने 11 महीने के कार्यकाल के दौरान एक भी काम जनहित का नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अफसर शाही हावी हो गई है। ब्लैकमेल करने वाले लोगों की चल रही है। सरकार कुछ तो अफसर कुछ बोल रहे हैं। पूरे देश में भाजपा के खिलाफ माहौल है। कांग्रेस मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही है। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा संविधान में बदलाव करने के लिए ही दिया गया था। अब 400 सीट नहीं आने पर सफाई दे रहे हैं कि वह संविधान में बदलाव नहीं कर रहे। जबकि 400 सीट आ जाती तो ये संविधान को जरूर बदलते, मनमर्जी करते।

- **पायलट ने कहा, भाजपा सरकार में अफसरशाही हावी हो गयी है। सरकार कुछ, तो अफसर कुछ बोल रहे हैं।**

पायलट ने कहा, मुख्यमंत्री बड़ी मछली, मगरमच्छ पकड़ने की बात करते हैं, लेकिन यह तो बताएं कि कौन सा मगरमच्छ पकड़ा। उन्होने कहा कि यह चुनाव दो पार्टी लड़ रही हैं, विचारधारा का चुनाव है। दौसा में मुख्यमंत्री, बड़े मंत्री आ रहे हैं, बडी घोषणाएं कर रहे हैं। ग्यारह माह से उन्हें कौन रोक रहा था विकास के लिए, यह अभी याद आया है। कांग्रेस ने गरीब को टिकट दिया है। सरकार ने पूरे घोड़े खोले रखे हैं। पैसे के दम पर जीतना चाहते हैं। पायलट ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी का एक रुपया तो भाजपा के हजार रुपए खर्च होंगे। उप चुनाव जीतने के लिए सत्ता का दबाव डालने वालों को कड़ा जवाब देना है। उनके पैसे खूब खर्च कराओ लेकिन डी.सी. बैरवा को वोट देकर चार साल बाद का राज एडवांस बुक करा दो।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राजस्थान में सर्वाधिक वोटों से दौसा की सीट जीतेगी। सबसे बडा अंतर दौसा में रहेगा। उनसे अपने काम और ट्रांसफर आदि करा लो, लेकिन वोट सजग रहकर, मन कहे उसे ही देना। उन्होने कहा कि समाज, जाति, धर्म की बात छोड़कर वोट उसे देना है, जिस पार्टी के नेताओं ने दौसा को पहचान दिलाई है, दौसा का सम्मान बढ़ाया है। आपके पास संसाधन नहीं उसकी चिंता नहीं, जनता साथ है तो जीत निश्चित है।

जनसभा को सांसद मुरारी लाल मीणा, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व मंत्री ममता भूपेश, पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला, पूर्व महेंद्र मीणा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामजीलाल ओड, बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा सहित अनेक नेताओ ने संबोधित किया।

# कश्मीर में बारिश व बर्फबारी होगी

श्रीनगर, 10 नवंबर। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं।

अधिकारियों ने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने रविवार को अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है।

मौसम कार्यालय ने कहा कि रविवार को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले इलाकों और उत्तर में तथा मध्य कश्मीर के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान है।

- **मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश व बर्फ गिरने का अनुमान बताया है।**

मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 12 से 14 नवंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों और छिटपुट स्थानों पर 15 से 16 नवंबर तक हल्की बारिश होने का अनुमान है।

# अमित शाह ने महाराष्ट्र में भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया

## इसमें कर्ज माफी, महिलाओं को पैसे, 25 लाख को रोजगार के वादे किये गये

मुंबई, 10 नवंबर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। इस दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना और अजीत पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ मिलकर महायुति गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ रही है।

घोषणा पत्र जारी करते हुए शाह ने कहा, "महायुति सरकार ने किसानों के सम्मान, गरीबों की मदद और महिलाओं के आत्मसम्मान को बनाए रखने के लिए काम किया है। आज यहां जारी किया गया संकल्प पत्र महाराष्ट्र के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।" उन्होंने कहा, "एक तरह से महाराष्ट्र कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करता आ रहा है। एक समय जब जरूरत पड़ी तो भक्ति आंदोलन भी महाराष्ट्र से शुरू हुआ, गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी महाराज ने यहीं से शुरू किया, सामाजिक क्रांति भी यहीं से शुरू हुई और महाराष्ट्र के लोगों की आकांक्षाओं की झलक हमारे संकल्प पत्र में दिखती है।"

- **इस अवसर पर अमित शाह के साथ फड़नवीस, प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले, मुम्बई भाजपा अध्यक्ष शेलार तथा केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल मौजूद थे।**

महाराष्ट्र चुनाव को लेकर भाजपा के संकल्प पत्र में, किसानों के कर्ज माफी का वादा, महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपए देने का वादा, वृद्धा पेंशन योजना के अंतर्गत 1,500 के बजाय 2,100 रुपए देने का वादा, महाराष्ट्र में 25 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया है। इसके अलावा पार्टी ने 2028 तक महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

गृह मंत्री ने 2027 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के भाजपा के वादे को भी दोहराया। शाह ने कहा, "भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की स्थिति में पहुंच गया है और मैं वादा करता हूं कि 2027 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, हम तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं, 7 करोड़ शौचालय, घर, बिजली, पीने का पानी, अनाज, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, यह सब हमने लोगों को देने के लिए किया है।"

## प्रसिद्ध पोलो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिंह मस्टी शेखों, नवतेज सिंह, गोविन्द सिंह, के.वी.एस. जमवाल, भीम सुहाग, भवानी सिंह, किशन सिंह चौहान ब्रिगेडियर गोविन्द सिंह, कर्नल नरेन्द्र सिंह आदि अपना कौशल दिखाया करते थे। बिली सोढी की, घुड़सवारी के कारण ही जनरल पी.पी. कुमारमंगलम की बेटी रोशन से मित्रता हुई।

रोशन को घुड़सवारी का शौक जब लगा तो बिली ने ही उन्हें घुड़सवारी की बारीकियाँ सिखाईं और दोनों के बीच प्रेम विवाह हुआ। दोनों की बेटियाँ रूखसाना और अनीषा भी उनकी ही तरह घुड़सवार थीं और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर घुड़सवारी करती थीं।

बिली ने 61वीं कैवेलरी में जवानों को घुड़सवारी के लिए प्रेरित किया और दफेदार खान मोहम्मद खां और दफेदार रघुबीर सिंह दोनों ही ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और अर्जुन पुरस्कार से नवाजे गए।

61वीं कैवेलरी को जब बन्द कर इसे टैंक रेजिमेन्ट में परिवर्तित करने की बात आई, तो बिली ने इसका जमकर विरोध किया और कोविड के प्रकोप के दौरान तत्कालीन चीफ ऑफ डिफैन्स स्टाफ (सी.डी.एस.) जनरल विपिन रावत से मिलकर कैवेलरी के टैंक रेजिमेन्ट के रूप में परिवर्तन को रूकवाया।

## पूर्व महाराणा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बजे से दोपहर 11 बजे तक उनके पार्थिव शरीर को समोर बाग पैलेस में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। महाराणा मेवाड़ के पुत्र विश्वराज सिंह मेवाड़ नाथद्वारा से विधायक है वहीं पुत्रवधु महिमा कुमारी मेवाड़ राजसमंद सीट से सांसद हैं। महाराणा महेन्द्र सिंह स्वयं भी चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं।

महाराणा महेन्द्र सिंह मेवाड़ के निधन का समाचार सुनकर राजपरिवार से जुड़े लोग, राजनीतिज्ञ व जनप्रतिनिधि उनके समोर बाग स्थित आवास पर शोक जताने के लिए पहुंच रहे हैं।

उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने मेवाड़ राजघराने के पूर्व सदस्य और पूर्व सांसद महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# लोकसभा अध्यक्ष पर आश्वासन पूरा नहीं करने का आरोप

नई दिल्ली, 10 नवंबर। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर काम रही संसदीय समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुलाकात के बाद उन्हें जो आश्वासन दिया था, उसे पूरा नहीं किया। विपक्षी सांसदों ने समिति अध्यक्ष जगदंबिका पाल पर आरोप लगाया कि वह बैठकों का कोरम पूरा नहीं होने के बावजूद भी राज्यों का दौरा कर रहे हैं।

समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद पाल सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। सांसदों ने कहा कि उन्होंने पांच नवंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ बैठक की थी। उन्हें उम्मीद थी कि इसके बाद संसदीय समिति के पांच राज्यों के दौरे को टाला जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

- **वक्फ संशोधन की संसदीय समिति के विपक्षी सदस्यों न कहा कि समिति अध्यक्ष सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं**

सांसदों ने कहा कि गुवाहाटी में समिति की बैठक में केवल पांच सदस्यों ने हिस्सा लिया था, जो कि कोरम से भी बहुत कम है। विपक्षी सांसदों ने कहा कि उनसे मुलाकात के बाद लगा था कि समिति की बैठकें अब हफ्ते में एक दिन या पखवाड़े में लगातार दो दिन होंगी। ताकि उन्हें बैठकों में दिए जाने वाले सुझावों को तैयार करने और उन पर विचार करने का मौका मिल सके। मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ।

संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संसदीय समितियों के दौरे अनौपचारिक हैं। इनमें कोरम पर अमल जैसी औपचारिकताओं को पूरा करने की बाध्यता नहीं होती। उन्होंने कहा कि वह 25 नवंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन तक समिति की रिपोर्ट सौंपने को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने 200-250 पन्नों की रिपोर्ट पहले ही तैयार कर ली है।

## भजनलाल ने दौसा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में शरण लेते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने एंटी गैंगस्टर फोर्स का गठन किया और अपराधियों पर लगाम लगाई। आज राजस्थान में कांग्रेस शासित राज्यों की तुलना में अपराध का ग्राफ बहुत कम है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार के राज में अपराध का जो ग्राफ 70-80 प्रतिशत था, उसे भाजपा सरकार ने 11 माह में 26 प्रतिशत पर ला दिया। राजस्थान में अब कानून का राज चल रहा है। राजस्थान में अब रोगजार की दिशा में भाजपा सरकार राइज़िंग राजस्थान के तहत देश-दुनिया में जाकर एम.ओ.यू. कर रही है। रामगढ़ और दौसा क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर से इन क्षेत्रों में उद्योग स्थापित होंगे और बड़ी संख्या में रोजगार बढ़ेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की सभी सातों विधानसभा सीटों पर जनता के उत्साह और अपार स्नेह को देखने से यह स्पष्ट हो गया है कि सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत के साथ विजयश्री को प्राप्त कर रहे हैं। राठौड़ ने रामगढ़ की जनता से कहा कि मतदाताओं को किसी पार्टी की छाप या ठप्पा नहीं लगने देना चाहिए। अगर किसी भी वर्ग या समुदाय के मतदाता पर राजनीतिक पार्टी की छाप लग जाती है तो वो पार्टी उस समुदाय की चिंता नहीं करेगी, और दूसरी राजनीतिक पार्टी भी आपकी छाप की वजह से चिंता नहीं करेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। इनके नेताओं ने जनता के पैसे से घोटाले और भ्रष्टाचार किए। मुख्यमंत्री शर्मा जनसेवक बनकर जनता के लिए विकास की योजनाएं तैयार कर रहे है। राइजिंग राजस्थान से प्रदेश के हर जिले में उद्योग स्थापित किए जाएंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# उपचुनाव : भाजपा फायदे में रहेगी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अंतिम दौर में दम लगाया है और अब देखना है कि, 2023 विधानसभा चुनाव में जो वोट कांग्रेस के हिस्से में आए थे,क्या कांग्रेस की रतन चौधरी उनसे ज्यादा वोट ले पाएंगी।

रामगढ़ में कांग्रेस के आर्यन ज़ुबेर खान और भाजपा के सुखवंत सिंह के बीच में सीधा मुकाबला है, लेकिन मेव मतदाताओं के साथ जाटव मतदाताओं के आने से कड़े मुकाबले में कांग्रेस थोड़ी आगे नजर आ रही है। भरतपुर की सांसद संजना जाटव की मेहनत कांग्रेस के लिए फायदे का सौदा हो सकती है। भंवर जितेंद्र सिंह और टीकाराम जूली ने भी यहीं डेरा डालकर चुनाव को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है।

आदिवासी बाहुल्य सलूंबर और चौरासी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के लिए बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है, लेकिन चुनाव प्रबंधन देख रहे अशोक चांदना ने सलूंबर में प्रचार समाप्त होने से पहले रघुवीर मीणा को मना कर कांग्रेस के लिए राहत प्राप्त की है। हालांकि, यह राहत चुनाव परिणामों को प्रभावित करेगी, इसकी संभावना ज्यादा नहीं है, क्योंकि बाप जितना वोट तोड़ेगी, वह कांग्रेस के लिए नुकसान का सौदा होगा।

बाप की परंपरागत और मजबूत चौरासी विधानसभा सीट पर बाप अभी भी मजबूत है,जबकि उसका एक बागी भी वहां है, लेकिन फिर भी मुख्य मुकाबले में बाप और भाजपा है और कांग्रेस के युवा चेहरे महेश रोत इस प्रयास में है कि वह सम्मानजनक स्थिति में रहे। कुल मिलाकर इन सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा के पास खोने के लिए कुछ ज्यादा नहीं है, लेकिन भाजपा फायदे में रहने वाली है और एक से तीन पर पहुंच सकती है। वहीं, कांग्रेस चार से घटकर एक या दो पर ठहर सकती है।

## रुस के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के वर्तमान क्षेत्रों पर विषयगत सत्र शामिल होंगे। इसका आयोजन बिजनेस काउन्सिल फॉर कोऑपरेशन विद इंडिया और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा किया जाता है।

रूसी राजदूतावास के अनुसार 12 नवंबर को नयी दिल्ली में मंतुरोव विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर के साथ व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर रूसी-भारतीय अंतर सरकारी आयोग के 25वें सत्र की संयुक्त रूप से अध्यक्षता करेंगे। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री की कई द्विपक्षीय बैठकों की भी योजना है।

## सिद्दीकी हत्याकांड का शूटर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रकाश त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव व अखिलेशेंद्र प्रताप सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है।

बाबा सिद्धकी हत्या मामले में अब तक 19 लोगो को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले के तीनों मुख्य शूटर, धर्मराज, गुरमेल और शिव कुमार गौतम को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है।

शिव कुमार ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह लॉरेंस गैंग के लिए स्क्रैप डीलर शुभम लोनकर के जरिए काम करता था। हत्या के लिए उसे 10 लाख रुपए देने का वादा किया गया था। हत्या के बाद शिव कुमार मुंबई से फरार होकर झांसी, लखनऊ होते हुए बहराइच पहुंचा और नेपाल भागने की प्लानिंग बना रहा था।

शिव कुमार ने पूछताछ में बताया, "मैं और धर्मराज कश्यप एक ही गांव के रहने वाले हैं। पूना में स्क्रैप का काम करता था। मेरी और शुभम लोनकर की दुकान अगल-बगल थी। शुभम लोनकर लॉरेंस विश्नोई के लिए काम करता है। उसने मेरी बात स्नैप चैट के जरिए लॉरेंस के भाई अनमोल विश्नोई से कई बार कराई है। अनमोल ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के बदले मुझसे कहा था कि 10 लाख रुपए मिलेंगे।

# दिल्ली के पूर्व मंत्री बल्ली भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, 10 नवंबर। दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब जबकि कुछ महीने ही बाकी रह गए हैं, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के सीनियर नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सरदार हरशरण सिंह बल्ली अपने बेटे, सरदार गुरमीत सिंह रिंकू बल्ली के साथ आज भाजपा में शामिल हो गए। बल्ली और उनके बेटे द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते समय दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, बल्ली के पुराने सहयोगी सुभाष आर्य और सुभाष सचदेवा भी मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि सरदार हरशरण सिंह बल्ली दिल्ली की हरि नगर सीट से चार बार विधायक रह चुके हैं। वे पहली बार 1993 में विधायक बने, उसके बाद 2013 में आखिरी बार विधायक निर्वाचित हुए थे। बल्ली मदनलाल खुराना की सरकार में मंत्री भी रहे थे। उन्होंने इंडस्ट्री, श्रम, जेल, भाषा और गुरुद्वारा प्रशासन सहित कई विभागों की जिम्मेदारी संभाली। 2013 के विधानसभा चुनाव में हरशरण सिंह बल्ली को भाजपा का टिकट नहीं मिला तो नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस को जॉइन कर लिया था और कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा, लेकिन आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद फिर से वो वापस भाजपा में शामिल हो गए। लेकिन 2020 में उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया था। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया था।

- **सरदार हरशरण सिंह बल्ली हरिनगर सीट से चार बार विधायक रहे हैं। वे 2020 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। उनके पुत्र भी भाजपा में शामिल हुए हैं।**

## कुकी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मारे गए हैं, घर और व्यवसाय जल गए हैं और कई लोग बेघर हो गए हैं।

# छत्तीसगढ़ में धान खरीद नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, 13000 कर्मचारी हड़ताल पर हैं तो धान खरीद कैसे होगी

रायपुर, 10 नवंबर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यदि राज्य में धान खरीदी नहीं हुई और किसानों से अन्याय हुआ तो कांग्रेस किसानों के समर्थन में समुचित आंदोलन करेगी। बघेल ने यहां कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन दिन बाद, यानी 14 नवंबर से धान ख़रीदी शुरु होनी है। लेकिन धान ख़रीदी करने वाली 2,058 समितियों के लगभग 13000 कर्मचारी चार नवंबर से ही हड़ताल पर हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने तीन सूत्री मांगें रखी हैं। पहला यह कि मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज़ पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी प्रत्येक समिति को तीन-तीन लाख का अनुदान दिया जाए, दूसरा पुनरीक्षित वेतनमान और तीसरा यह कि सुखत का प्रावधान करते हुए प्रति क्विंटल 500 ग्राम की क्षतिपूर्ति का प्रावधान किया जाए, तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा के कमीशन की राशि समितियों को दी जाए। इन तीन मांगों में से दो मांगें वही हैं जो कर्मचारी संघ ने 2021 में उठाई थीं। उस समय हमारी सरकार थी और मैं मुख्यमंत्री था। वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, तब भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। उस समय साय ने मुझे संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया था।

- **भूपेश बघेल ने कहा, कर्मचारी संघ की तीन मांगों में से दो 2021 में उठी थीं। वर्तमान मुख्यमंत्री तब भाजपा अध्यक्ष थे और उन्होंने इन मांगों के समर्थन का पत्र लिखा था।**

बघेल ने कहा कि धान उपार्जन की हमारी सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है।

नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफ़र स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास ये अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सकें। अब जो बदलाव हुआ है उसके बाद बफ़र स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। पहले मार्कफ़ेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फ़रवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी। अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है।

धान खरीदी बंद होगी 31 जनवरी को। यानी समितियों/संग्रहण केंद्रों में धान अब दो महीने तक रखा रह रहेगा।

उन्होंने कहा, धान मिलिंग के लिए हमारी सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेश भर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं। अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रुपए को घटाकर 60 रुपए कर दिया है। हमारी सरकार में उपार्जित धान को मिलर सीधे खरीदी केंद्र से उठाते थे, नई नीति में ऐसा होना संभव नहीं दिखता।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908